तापमान

अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 2.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024



11 महापंचायत ने टावर के लिए खोदे गड्ढों को वापस भरा



12 छतैहरा में चौ. छोटूराम की नई प्रतिमा स्थापित




## खबर संक्षेप

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला परिवाद एवं कष्टद निवारण समिति की मासिक बैठक 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे परिवहन मंत्री एवं अध्यक्ष जिला परिवाद एवं कष्ट व निवारण समिति मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 14 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे, जिनकी सुनवाई परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे।

### दुकान से मिठाई तैयार करने का सामान चोरी

**गोहाना।** गांव बीधल में दुकान से मिठाई तैयार करने का सामान चोरी कर लिया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। रोहित ने पुलिस को बताया कि गांव में ग्रामीणों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा संगठन बना रखा है। संगठन द्वारा गांव में समाजसेवा के कार्य करते हुए मिठाइयां बनाने की दुकान भी कर रखी है। गांव के बाईपास पर दुकान चलाई जाती है। यहां से इनवर्टर, चार बैट्री सिल्वर के 24 बड़े पतीले, 140 टरे, 10 बड़ी परात, 25 चूल्हे और अन्य सामान चोरी कर लिया गया।

### दवा दुकानदार के खाते से निकाले 90 हजार

**गन्नौर।** साइबर ठगों ने पुरखास राठी गांव में एक मेडिकल स्टोर संचालक के खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए। मेडिकल स्टोर संचालक ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव पुरखास राठी के दिनेश कुमार ने बताया कि वह गांव में मेडिकल स्टोर चलाता है। उसका गन्नौर एचडीएफसी ब्रांच में खाता है। 12 जनवरी को सुबह उसके खाते से 90 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से काट लिए गए। जबकि उसके पास न तो कोई लिंक आया और न ही कोई ओटीपी या एसएमएस प्राप्त हुआ। रुपये कटने के बाद उसने अपने खाते की यूपीआई बंद करवा दी व साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर काल भी कर दी।

### घर से नकदी, आभूषण व एलईडी चोरी

शहर के वार्ड संख्या 5 पक्का बाग मोहल्ले में एक घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और घर में लगी हुई एक एलईडी व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। कार्तिक ने बताया कि स्कूलों की छुट्टी होने के कारण वह अपने भाई और अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव छिछड़ाना गया हुआ था। एक पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी कि उनके मुख्य गेट का ताला टूटा पड़ा है। जिससे लगता है उनके घर में चोरी हुई है । इसके बाद परिवार सहित घर पर पहुंच कर देखा तो मुख्य द्वार का कुंडा व ताला टूटा पड़ा है। अंदर वाले दरवाजे का ताला तोड़कर भी टूटा हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से आभूषण व नकदी के साथ-साथ एक एलईडी भी चोरी हुई है।

---

वायु गुणवत्ता सूचकांक पहुंचा 162 पर, एक दिन पहले था 249

# रिकॉर्ड 3 डिग्री पर आया न्यूनतम तापमान शीतलहर ने कंपकंपाया, प्रदूषण हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ पांच किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली शीतलहर

बढ़ती सर्दी आए दिन रिकॉर्ड तोड़ रही है। जैसे-जैसे सर्दी के जाने का समय हो रहा है, वैसे-वैसे ही सर्दी अपना विकराल रूप दिखा रही है। जिसका स्पष्ट उदाहरण सोमवार को न्यूनतम तापमान के तौर पर देखने को मिला। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सीजन में इससे पहले कभी भी न्यूनतम तापमान इतना नहीं गिरा। दूसरी ओर दिन के समय सूरज निकला, जिसकी वजह से लोगों ने धूप का आनंद उठाया। धूप के कारण ही अधिकतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन शीतलहर ने लोगों को ठंडक का खूब अहसास करवाया। शीतलहर ने एक ओर तो लोगों को खूब कंपकंपाया, वहीं शीतलहर की वजह से जिले के प्रदूषण में कमी दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक में काफी कमी दर्ज की गई है।

वायु गुणवत्ता सूचकांक 162 दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह 249 दर्ज किया था। दूसरी ओर शीतलहर के चलते कोहरा ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया। सुबह 11 बजे तक कोहरा सड़कों से गायब हो गया था। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में शीतलहर और कोहरा इसी तरह से परेशान करेगा। जिले में सोमवार को यूं तो 11 बजे के करीब ही सूर्य देव के दर्शन हो गए थे। धूप भी पूरा दिन अच्छी खासी रही। इसके बावजूद जिले में लोगों को ठंड ने खूब परेशान किया। जिसकी सीधी वजह शीतलहर रही। जिले में सोमवार को 5 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से शीतलहर चलती रही। पूरा दिन चली इन ठंडी हवाओं के कारण लोगों का कंपकंपाना बंद नहीं हुआ। विशेषतौर पर शाम के समय ठंड में इजाफा हो गया।



सोनीपत। हाड कंपा देने वाली ठंड में अलाव का सहारा लेते लोग।



सोनीपत। ग्रामीण क्षेत्रों में जमा पाला।

### अधिकतम तापमान बढ़ा

जिले में सोमवार को सुबह ही सूर्य निकलने के कारण अधिकतम तापमान में आंशिक तौर पर वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि शीतलहर के चलते न्यूनतम तापमान में रिकॉर्डतोड़ कमी दर्ज की गई है। सीजन में सबसे कम न्यूनतम तापमान सोमवार को 3 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि रविवार से 0.9 डिग्री कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान 15.8 डिग्री दर्ज किया, जोकि 0.3 डिग्री अधिक था। रविवार को रविवार को अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### स्कूलों में 5वीं तक की छुट्टी

**सोनीपत।** स्कूलों में चल रही शीतकालीन अवकाश 20 जनवरी तक बढ़ाया गया हैं। हालांकि अवकाश को पहली से पाचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिये बढ़ाया गया है। जबकि छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिये स्कूल खोलने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन निर्देशों के तहत इन विद्यार्थियों के लिये स्कूल का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक का किया गया है। वहीं 15 दिनों बाद स्कूलों में रौनक लौटेगी, जिसके लिये स्कूल प्रबंधनों द्वारा तैयारियां की गई है। बता दें कि कड़ाके की ठंड व सर्द हवाओं को देखते हुए शिक्षा विभाग ने पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के शीतकालीन अवकाश पांच दिन बढ़ाकर 20 जनवरी तक कर दिए हैं। वहीं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सर्दी को देखते हुए चौथी व पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भी 20 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। ऐसे में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी ही स्कूल पहुंचेंगे। सर्दी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया है। मंगलवार से स्कूल सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक रहेगा। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के स्कूलों में एक से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किए थे। प्राथमिक कक्षाओं के शीतकालीन अवकाश की अवधि 20 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। 21 जनवरी को रविवार होने के कारण अवकाश रहेगा। ऐसे में प्राथमिक स्कूलों में कक्षाएं 22 जनवरी से ही लगेंगी। इसके साथ ही स्कूलों का समय भी बदल जाएगा। 22 जनवरी से स्कूल सुबह 9:30 बजे से दोपहर बाद 3:30 बजे तक लगेंगे।

**स्कूल 10 से 4 बजे तक**

एक से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के बाद अब सोमवार से स्कूल खुलेंगे। सर्दी को देखते स्कूलों का समय बढ़ाकर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया गया है। चौथी-पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की छुट्टी भी बढ़ा दी गई है।

- **डा. मनोज यादव**, उपायुक्त, सोनीपत।

---

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला

■ गतका पार्टी ने दिखाए करतब संगत को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। नगर कीर्तन में करतब दिखाते गता पार्टी के सदस्य।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क से गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व की खुशी में नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा साहब से नगर कीर्तन आरंभ होकर मामा भांजा चौक, विवेकानंद चौक, गुरुद्वारा साहिब सेक्टर 15, 14 सेक्टर, गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक, गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा माडल टाउन होते हुए वापस गुरुद्वारा सुजान सिंह पार्क पहुंचकर नगर कीर्तन समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में सिख मार्शल आर्ट में शामिल युवाओं ने गतका करतब दिखाये। संगत द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया गया। नगर कीर्तन का सेक्टर 14 में मेयर कार्यालय के सामने पहुँचने पर कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार कुलदीप सिंह ने संगत को बधाई दी। महासचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 17 तारीख को गुरुद्वारा साहब में कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। जिसमें रागी एवं ढाडी संगत को कीर्तन एवं गुर इतिहास श्रवण करवाएंगे। इस दौरान गुरुद्वारा समिति के सदस्य हरगोविंद सिंह, राकेश सचदेवा, दलजीत सिंह, गुरदीप सिंह, दलजीत सिंह, हरदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षिका का पर्स छीनने के दोषी को पांच साल कैद

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में शिक्षिका का पर्स छीनकर भागने की वारदात में शामिल आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सेक्टर-15 में गुरुद्वारा वाली गली निवासी नीलू त्यागी ने 1 जुलाई, 2022 को सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया था कि वह मुरथल ब्वायज विद्यालय में शिक्षिका है। वह अपनी साथी शिक्षिका की स्कूटी से सोनीपत आ रही थी। सेक्टर-15 में पहुंची तो अचानक बाइक पर आए एक युवक ने उनका पर्स झपट लिया था और भाग गया था।

## ऋषि चैतन्य आश्रम पहुंचे मोहन भागवत

■ गुरुमां आनंदमूर्ति ने किया आरएसएस प्रमुख का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को स्मृति चिह्न भेंट करती गुरु मां आनंद मूर्ति ।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सोमवार को जीटी रोड स्थित षि चैतन्य आश्रम में पहुंचे। आश्रम पहुंचने पर गुरु मां आनंद मूर्ति ने मोहन भागवत का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मोहन भागवत ने षि चैतन्य आश्रम के 25 वर्ष पूरे हाने पर गुरू मां आनंद मूर्ति को बधाई दी।

साथ ही उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचने का न्यौता भी दिया। आनंद मूर्ति ने कहा कि मोहन भागवत भारतीय संस्कृति और सामाजिक समानता के आदर्शो को सुदृढ करने के लिए निरंतर काम कर रहे है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश सेवा में लगा दिया। इस दौरान मोहन भागवत ने गुरु मां आनंद मूर्ति द्वारा लोगों को अध्यात्मिक ज्ञान दिये जाने पर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि गुरु मां ने इन 25 वर्षो में देश और लोगो का जीवन सुधारने के लिए काम किया है। आरएसएस प्रमुख मोहना भागवत के दौरे को लेकर सोनीपत पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से करीब 150 पुलिसकर्मियों को तैनात किया। सिंघू बार्डर से लेकर गुरु मां आश्रम तक कई जगह नाके लगाए गए और वाहनो की चैकिंग की गई। साथ ही बार्डर से भागवत की सुरक्षा के लिए पुलिस पीसीआर भी तैनात रही। आश्रम में जैमर भी लगाए गए, ताकि किसी तरह की कोई गतिविधि न हो।

## डीसी पर वादाखिलाफी का आरोप



सोनीपत। डीआरओ से मुलाकात करने पहुंचा किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल।

**सोनीपत।** नाहरा में चल रहे किसानों के धरने के मामले में किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को लघु सचिवालय पहुंचा। किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल डा. महेंद्र लोहचब ने बताया कि नाहरा धरने को लेकर प्रतिनिधि मंडल से वार्ता की बात कही गई थी, लेकिन इसके बाद उपायुक्त खुद वार्ता से पीछे हट गए। इसी विषय में सोमवार को किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने नोडल अधिकारी डीआरओ हरिओम अत्री से मुलाकात की और किसानों से संबंधित दस्तावेज की औपचारिकता पूरी की। इस दौरान डा. महेंद्र लोहचब ने आरोप लगाया कि उपायुक्त निजी कंपनी के दबाव में वायदा खिलाफी कर रहे हैं। किसान मार्केट रेट की मांग कर रहे, जबकि कंपनी नए सर्कल रेड देने की बात कर रहा है। ऐसे में मुआवजा पर अभी सहमति नहीं बनी है।

## रग्बी प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। विजेता टीम की खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या दर्शना दहिया।

कन्या महाविद्यालय की रग्बी टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय रग्बी खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल लेकर ट्राफी जीती है। यह प्रतियोगिता 12 - 13 जनवरी को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ दर्शना दहिया, डॉ योगिता, स्पोर्ट्स क्लब सदस्यों डॉ प्रमिला व नरेंद्र द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्या डॉ दर्शना दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन अवसर पर वहां उपस्थित सभी टीमों से खिलाड़ियों का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए चयन किया गया है। जिसमें उनके महाविद्यालय की चार छात्राओं निशु, राम भतेरी ,विशाखा और मनीषा का चयन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम में हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी लेवल की रग्बी खेलकूद प्रतियोगिता पंजाब यूनिवर्सिटी मोहाली में 20 से 24 जनवरी को आयोजित होगी।

## श्रमिक से पिस्तौल के बल पर बाइक छीनी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र एटलस रोड पर फैक्टरी से ड्यूटी करके वापिस घर लौट रहे श्रमिक से पिस्तौल के बल पर बाइक छीनने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित न मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग बदमाशों का लग सके। मालवीय नगर निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह निजी फैक्टरी में नौकरी करता है। हर रोज अपनी बाइक पर सवार होकर ड्यूटी पर आता-जाता है। गत 14 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह फैक्टरी से छुट्टी करके अपने घर आ रहा था। उसी दौरान वह एटलस रोड पर पहुंचा। उसी दौरान एक लड़का बाइक पर उसकी बाइक के आगे आ गया। उसने अपनी बाइक रोक दी। उसके बाद उसने मेरी बाइक की चाबी निकाल ली। जबकि दूसरे युवक ने उसे थप्पड़ व मुक्के मारे। उनके साथ तीसरे लड़के ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल अड़ा दी। वह कहने लगा कि मोटरसाइकिल को छोड़कर भाग जा। वह डर के चलते बाइक छोड़कर भाग लिया। तीनों युवक उसकी बाइक को लेकर एटलस रोड की तरफ भाग गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

फरीदाबाद में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान मेला 17 से 20 जनवरी तक

# विज्ञान मेले में जाएंगे हमारे 35 होनहार विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ कुल 40 सदस्यीय दल होगा रवाना

विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने तथा नए-नए आइडिया सोचने के काबिल बनाने के लिये फरीदाबाद में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों से विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ पहुंचेंगे। इसी कड़ी में सोनीपत से भी 40 सदस्यीय दल फरीदाबाद जाएगा। 17 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस मेले में हिस्सा लेने के लिये सोनीपत से 35 विद्यार्थी और 5 शिक्षक मंगलवार सुबह रवाना होंगे। इस दल को फरीदाबाद ले जाने के लिये रोडवेज की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। प्रत्येक जिले से 35 विद्यार्थी व 5 शिक्षक भाग लेंगे, हालांकि फरीदाबाद व गुरुग्राम सहित कुछ जिलों से विद्यार्थियों की संख्या अधिक रहेगी।

जानकारी अनुसार समग्र शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से फरीदाबाद में भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित विभिन्न स्थानों से वैज्ञानिक पहुंचेंगे और विद्यार्थियों से विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेंगे। सोनीपत से जाने वाले 40 सदस्यीय दल में दो अध्यापक, तीन अध्यापिकाएं, 25 छात्र व 10 छात्राएं चयनित की गई हैं। दल में शामिल महिला शिक्षकों व छात्राओं के ठहरने की व्यवस्था छात्रावास में तो अध्यापकों व छात्रों के ठहरने की व्यवस्था दूसरे स्थान पर की गई है।

**ये पांच शिक्षक जाएंगे**

प्रदीप, टीजीटी, विज्ञान
नीना, पीजीटी, रसायन विज्ञान
गीता देवी, पीजीटी, अंग्रेजी
पंकज कुमार, पीजीटी, रसायन विज्ञान
पूनम, पीजीटी, भौतिक विज्ञान

**विभिन्न गतिविधियों में भाग लेगा दल**

फरीदाबाद में 17 से 20 जनवरी तक भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले से 35 विद्यार्थी और पांच शिक्षक जाएंगे। 40 अध्यापकों व छात्रों का दल पांच दिन वहीं रहेगा और विज्ञान मेले की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेगा।

- **सुरेंद्र सिंह**, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत।

### डिपो महाप्रबंधकों को जारी किए निर्देश

राज्य परिवहन निदेशालय की तरफ से प्रदेश के सभी रोडवेज डिपो महाप्रबंधक को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि आईआईएसएफ में जाने वाले दल को लाने-ले जाने के लिए एक बस भेजें। सभी जिलों से एक-एक बस दल को लेकर फरीदाबाद रवाना होगी। यह बस पांच दिन तक फरीदाबाद में ही रहेगी और दल को ठहरने के स्थान से कार्यक्रम स्थल तक लाने व ले जाने का काम करेगी। विज्ञान मेले के बाद सभी सदस्य 20 जनवरी की शाम को वापस लौटेंगे। आईआईएसएफ के लिए सूची निर्धारित की जा चुकी है। सूचि में शामिल किए गए सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों का उपस्थिति होना अनिवार्य है।

अनुपस्थित रहने की स्थिति में कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। यही नहीं विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों व शिक्षकों के स्थान पर किसी अन्य को नहीं भेजा जाएगा।

## डबवाली के लिए सीधी मिलेगी लॉरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोडवेज की लॉरी में सफर करने वाले यात्रियों को विभाग की तरफ से डबवाली के लिए सीधी बस सेवा को हरी झंडी दी है। बेडे.में बसों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब अधिकारियों ने नए रूटों पर बस सेवाएं शुरू करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। अब सोनीपत बस अड्डे से डबवाली के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। इस योजना से कई जिलों से सोनीपत का सीधा संपर्क स्थापित हो सकेगा और यात्रियों को सीधी बस सेवा मिलने से राहत मिल सकेगी। पहले यात्रियों को जींद तक ही सीधी बस में यात्रा करने की सुविधा दी जा रही थी। बता दें कि सोनीपत बस परिसर से पहले जींद तक के लिए ही सीधी बस सेवा उपलब्ध थी। उससे आगे जाने वाले यात्रियों को जींद उतरकर दूसरी बस में सवार होना पड़ता था। जिससे यात्रियों को ज्यादा परेशानी होती थी। सोनीपत से डबवाली के लिए दोपहर बाद चलने वाले यात्रियों को शंका रहती थी कि जींद पहुंचने के बाद आगे के लिए बस मिल सकेगी या नहीं। इसी असमंजस में कई बार यात्री अपनी यात्रा तक स्थगित कर देते थे। जींद तक जाने के लिए भी कई बार गोहाना से बस बदलनी पड़ती थी।

**बसों का रूट किया फाइनल**

सोनीपत रोडवेज विभाग ने सोनीपत से डबवाली जाने वाली बसों का रूट व समय सारिणी को फाइनल कर दिया है। जिसके अंतर्गत सोनीपत से पहली बस सुबह 11:00 बजे और दूसरी बस दोपहर 12:00 बजे रवाना होंगी। दोनों बसें सोनीपत से गोहाना, जींद, हांसी, हिसार, सिरसा होते हुए सीधे डबवाली पहुंचेगी। रोडवेज विभाग की तरफ से डबवाली रूट पर बस सेवा शुरू करने से सोनीपत जिले का हांसी, हिसार व सिरसा क्षेत्रों से भी सीधा संपर्क जुड़ गया है। सोनीपत से जाने वाले यात्रियों को जींद से आगे हांसी, हिसार व सिरसा तक पहुंचने के लिए काफी समय लगता था और दिक्कत झेलनी पड़ती थी। यात्रियों की मांग पर अब सोनीपत डिपो से डबवाली के लिए सीधी बस सेवा शुरू कर दी गई है।

**यात्रियों को मिलेगा लाभ**

सोनीपत परिसर से यात्रियों को डबवाली तक जाने के लिए दो बसों को तैनात किया गया है। जोकि सुबह 11 बजे से पहली बस चलेगी। उसके बाद एक घंटे के अंतराल के बाद दूसरी बस रूट पर भेजी जायेगी। जिससे यात्रियों को लाभ पहुंचेगा। वहीं जींद से आगे हांसी, हिसार व सिरसा जाने वाले यात्रियों को भी फायदा मिलेगा।

- **राहुल जैन**, महाप्रबंधक सोनीपत डिपो।

## खबर संक्षेप

### डॉ. सुनीता नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित

**रोहतक।** मदवि की कन्या छात्रावास की वार्डन डॉ. सुनीता मल्हान को प्रतिष्ठित नारी शक्ति अवार्ड से नवाजा गया है। पानीपत में आयोजित बेटियों की लोहड़ी कार्यक्रम स्टेट फॉर एक्सटर्नल एफेयर्स मिनिस्टर मीनाक्षी लेखी ने डॉ. सुनीता मल्हान को नारी शक्ति अवार्ड देकर नवाजा। भारत की एक गौरवान्वित बेटी के तौर पर अपने साहस और दृढ़ निश्चय से देशभर में लड़कियों के लिए प्रेरणा के रूप में किए गए कार्य के लिए डा. सुनीता मल्हान को इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. सुनीता मल्हान ने इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार जताया।

### गांव में आ रहे बदलावों को रेखांकित किया

**रोहतक।** मदवि के समाजशास्त्र विभाग द्वारा भारत में बदलते गांवों की तस्वीर विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. सुरिंद्र सिंह जोधका ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। प्रो. जोधका ने गांवों के विषय में बनायी गई धारणाओं को चुनौती देते हुए कहा कि गांव और शहर के बीच के विभाजन को विशेष मान्यताओं के आधार पर गढ़ा गया है जो कि सत्य नहीं हैं। अंग्रेजों के द्वारा दी गई शिक्षा का इन मान्यताओं को गढने में अहम रोल रहा है, ऐसा उनका कहना था।

### गरीब लड़की के विवाह में जरूरी सामान दिया

**रोहतक।** जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने गरीब लड़की के विवाह में उपहार स्वरूप बेटी को ज़रूरी सामान भेंट किया। उनके द्वारा चलाई गई बेटियों की शादी में उचित व्यवस्था एवं देखरेख की सामाजिक मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने यह नेक काम किया। मंजू हुड्डा सोमवार को बालकनाथ कॉलोनी में एक बेटी (स्थाई निवासी, गांव खरक बैंसी ) के घर पहुंची।

### दीपेंद्र ने अयोध्या में रामलला को पूजा

**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा 16 जनवरी को रोहतक से घर-घर कांग्रेस अभियान शुरु करने से पहले मकर संक्रांति के मौके पर दोबारा अयोध्या में रामलला की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र सरयू नदी में स्नान करके रामलला के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं और करोड़ों लोगों के मन में बसते हैं।

### समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : प्रो. तिलकराज

**रोहतक।** देश का युवा ऊर्जावान है। उसमें क्षमताओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत तो सिर्फ सही मार्गदर्शन की है। इसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल देना बेहद जरूरी है। साथ ही युवा भी अपनी सोच में बदलाव लाएं। नकारात्मकता को खत्म कर युवा समाज में सकारात्मक बदलाव के भागीदार बनें।

### डॉ. राजेश सैनी हुए भाजपा में शामिल

**रोहतक।** भाजपा के युवा विधायक भव्य बिश्नोई (आदमपुर ) सोमवार को रोहतक के प्रवास पर रहे। उनके इस प्रवास में अनेक नए व पुराने कार्यकर्ताओं का मिलना हुआ। डॉ. राजेश सैनी, प्रदेश महासचिव बैकवर्ड सैल ने भव्य बिश्नोई व जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। दोनों ने पटका पहनाकर भाजपा में प्रवेश करवाया।

### पटवारी और कानूनगो का धरना जारी

**रोहतक।** दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन बीती 3 जनवरी से राज्य कार्यकारणी के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में धरने पर बैठी है। नंबरदार नंबरदार, आनद,महावीर, पप्पू प्रधान, कृष्ण ,वेदपाल कुंडू, जयनारायण, जयपाल, वीरेंद्र, सुरेश, जयवीर, मुकेश ने कहा कि कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# पांच दिन का काम, ढाई माह से लटकाए अफसर

**प्लॉटों की मांग को लेकर जुआं के बीपीएल परिवार दे रहे लघु सचिवालय के सामने धरना**

**जिला परिषद की बैठक में काले कपड़े पहनकर जिला पार्षद बड़वासनिया विरोध जताएंगे**



सोनीपत। लघु सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते जुआं के ग्रामीण साथ में जिला पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्लॉटों पर कब्जे की मांग को लेकर जुआं के बीपीएल परिवार लगभग ढाई माह से लघु सचिवालय के बाहर धरना दे रहे हैं। सोमवार को धरना दे रहे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन पर कई आरोप लगाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन के अधिकारी जानबूझ कर गरीब आदमी के हक को दबा रहे हैं। कई बार शिकायतें और कई बार आश्वासन के बजाए उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा।

इस दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि भारी ठंड के बीच ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे हैं। कई ग्रामीण बीमार भी हो चुके हैं, इसके बावजूद प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। 5 दिन के कार्य में ढाई महीने लगा दिए गए हैं। ग्रामीण सांसद से लेकर विधायक तक गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में आने वाली जिला परिषद की बैठक में वे खुद काले कपड़े पहनकर प्रशासन अधिकारियों का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं मिल रहा। लोग कोई समस्या लेकर आते हैं और जनप्रतिनिधि किसी अधिकारी के समक्ष समस्या रखता है तो अधिकारी उस पर गंभीरता से कार्य नहीं करते। वे इस व्यवहार का विरोध करते हैं। इस दौरान भोला, रमेश, प्रदीप, संदीप, राजवीर, आदि उपस्थित रहे।

# गांव भूर्री और कामी में पहुंची संकल्प यात्रा

- विधायक मोहनलाल बड़ौली व भाजपा नेता आजाद नेहरा ने किया जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा पात्र को योजना का लाभ देते हुए। फोटो : हरिभूमि

योजनाओं को हर सभी पात्र लोगों के घर द्वारा पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा सोमवार को गांव भुर्री तथा कामी पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव भुर्री में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने शुभारम्भ किया। इसके बाद विधायक बड़ौली ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान पात्र ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। विधायक व नेहरा ने गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए। चिरायु कार्ड, पेंशन पत्र तथा प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए। मौके पर भाजपा नेता रविन्द्र दिलावर, सुनीता लोहचब, बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, ग्राम सचिव विकास, गांव भुर्री के सरपंच रामरूप तथा कामी के सरपंच बलराम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# 143 किलो 250 ग्राम डोडा पोस्त सहित एक पकड़ा

- अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने जा रहे मादक पदार्थ तस्कर को भारी मात्रा में मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चरणजीत सिंह उर्फ चैनी निवासी पटियाला पंजाब का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बीसवांमील फ्लाइओवर से आगे सर्विस रोड से जीटी रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक लड़का अपने हाथों में सफेद कट्टा निकालकर एक साइड में ले जा रहा था। शक होने पर उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास डोडा पोस्त मिला। जिसका वजन करने पर 143 किलो 250 ग्राम मिला। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।



गिरफ्तार आरोपित टीम के साथ।

## जरूरतमंदों के बीच वितरित किए नए और पुराने वस्त्र



**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने वस्त्र वितरण अभियान के तहत सोमवार को सक्रांति के अवसर पर मोहन नगर सोनीपत मे पुराने व नये वस्त्र जरूरतमंद लोगों को बांटे। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सेफ इंडिया ने लोगों से अपील कर रखी है कि वो अपने पुराने वस्त्र, जूते या अन्य सामान संस्था के पास जमा करा दे । सोमवार को अमित गोयल ने संस्था को नये वस्त्र भी जरूरतमंद लोगो को बाटने के लिए उपलब्ध कराये और अविनाश सेठी व उनकी पत्नी प्रियंका सेठी द्वारा बच्चों को बिस्कुट व टोफिया भी बांटी गई। इस दौरान महावीर शर्मा, एडवोकेट अरविंद मित्तल, मुकेश मित्तल आदि मौजूद रहे।

# मानव सेवा ट्रस्ट ने 250 कम्बल वितरित किए

- सक्रांति पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कंबल वितरित करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी साथ में अतिथिगण।

मकर सक्रांति पर मानव सेवा ट्रस्ट, सोनीपत ने जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष सुमीत अलख और सचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को लगभग 250 उच्च गुणवत्ता वाले कंबलों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव क्रमशः सुमीत अलख और राकेश शर्मा ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कंबल उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान की गई और उन्हें पानीपत से उत्कृष्ट गुणवत्ता के मिंक कंबल प्रदान किए गए। सम्मानित अतिथि के तौर पर तारा चंद गांधी उपस्थित हुए। विशेष आर्थिक योगदान गौतम सचदेवा, विजय मालिक, तारा चंद गांधी, कृष्ण पल शर्मा, यशपाल दुदेजा, महेंद्र पाल वशिष्ठ, एमजी रंजन, आरपी हुडा, सुनिल मुसाफिर एवं विनय सोनी का रहा।

इस कार्यक्रम में संजय कोहली, आरपी हुडा, आरके सरदाना, जुगल ज्योति, पवन शर्मा, मंटू शर्मा, सीएल सहगल, कोषाध्यक्ष भूपेश चांदना, सेवादार कश्मीरी लाल, विनय सोनी, एमजी रंजन और यशपाल डुडेजा सहित कई अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

## सफाई कर्मचारियों को दिए कंबल, जूते और प्रसाद



**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण ने सोमवार को सफाई कर्मचारियों को कंबल, जूते, जुराब व लोहड़ी का प्रसाद बांट कर खुशी मनाई। इस दौरान कर्मचारियों को शहर की सफाई को कम ना समझ कर पूजा समझ कर ड्यूटी करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्लब प्रधान नीतू दहिया, उपप्रधान उषा भंडारी, इंदु राठी, मधु शर्मा, मंजु छिकारा, प्रेमा, बिंदु शर्मा, सरोज, इंदु भौरिया, बाला, उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में सफाई अभियान

- विधायक निर्मल चौधरी ने सफाई के बाद श्रीराम का ध्वज लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। शिव मंदिर में विधायक निर्मल चौधरी श्रीराम भगवान का ध्वज लगाते हुए साथ में पार्षद शिवानी। फोटो : हरिभूमि

अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान होना सुनिश्चित किया गया है। इसी के चलते सोमवार को गन्नौर शहर के शिव पार्क स्थित शिव मंदिर में विधायक निर्मल चौधरी ने सफाई अभियान की शुरूआत की। विधायक के साथ-साथ बीजेपी के पदाधिकारियों और कार्यकताअरं ने मंदिर के अंदर और आसपास साफ-सफाई अभियान चलाने की शुरूआत की। इसके बाद भगवान श्रीराम की ध्वजा लगाई। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिरों में सफाई अभियान जाएगा। इसके बाद 22 जनवरी को मंदिरों को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से मंदिरों को साफ सफाई करने की अपील की। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, निगरानी समिति के सदस्य भूषण हसीजा, ब्लाक समिति चेयरमैन सोनू, भोपाल रापड़िया, पार्षद शिवानी जैन, पार्षद विकास शर्मा, पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद प्रतिनिधि हरविंदर त्यागी, गौरव जैन, धर्मबीर शर्मा, सुरेंद्र जग्या, प्रवेश मदान, नंद छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक होगी पेंशन संकल्प महारैली

- पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला सोनीपत ने कर्मियों को न्यौता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कर्मचारियों को महारैली का निमंत्रण देने पहुंचे समिति के पदाधिकारी।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला सोनीपत द्वारा विभिन्न विभागों का दौरा कर कर्मचारियों व अधिकारियों को पेंशन संकल्प महारैली जींद में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया। जिसके लिये समिति सदस्य सिंचाई विभाग, आबकारी व कराधान विभाग, जिला बागवानी व मार्केटिंग बोर्ड तथा कन्या महाविद्यालय मुरथल में जागरूकता अभियान के लिए पहुंचे

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान, जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल, जिला महासचिव प्रोफेसर अजय दहिया, जिला सह कोषाध्यक्ष राहुल, जिला प्रेस सचिव राजकुमार, महिला विंग प्रभारी गीता राजपूत आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित पेंशन संकल्प महारैली जींद 11 फरवरी एतिहासिक होगी क्योंकि इस महारैली में पेंशन विहिन कर्मचारी व अधिकारी अपने परिवार सहित पहुंच रहे हैं। पुरानी पेंशन कर्मचारी का संवैधानिक अधिकार है। जिला अध्यक्ष महेन्द्रपाल तथा गीता राजपूत ने कहा कि सोनीपत जिले से हजारों की संख्या में कर्मचारी जींद पहुंचेंगे तथा महिलाओं की संख्या भी अधिक होगी क्योंकि इस बार कर्मचारी परिवार सहित जींद पहुंचेंगे।

इस दौरान बिजेंद्र दहिया, प्रिंस, ज्योति, जगमेंद्र, देवेन्द्र, सज्जन, कन्या महाविद्यालय डॉ. मनोज दहिया, डॉ. संदीप दहिया, ज्योति दहिया, डॉ. अंकित, डॉ. मीनू, डॉ. सुनील पंवार, आबकारी कराधान विभाग से शिल्पी, ममता, कुसुम, प्रदीप ढुल, विशाल, शौकिन खत्री, मोनू, अमित, नवीन, सुनील, संजय, जांमनत, रीना कुमारी, रीना सहरावत आदि मौजूद रहे।

**गोहाना पहुंचीं भाजपा नेता अमित की मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा**

# हर हिंदू के दिल में भगवान श्रीराम के लिए विशेष स्थान

- जगह-जगह स्वागत, पांच दिए राम के नाम अभियान भी चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। यात्रा के तहत लोगों को निमंत्रण देते हुए भाजपा नेता अमित बिंदल।

प्रदेश वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बिंदल ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे दिलों में बसते हैं। हर हिंदू के दिल में भगवान श्रीराम के लिये विशेष स्थान है। पिछले 500 सालो से हर हिंदू राम मंदिर के बनने का सपना देख रहा था। ये सपना अब मोदी राज में मुमकिन हो पाया है। अमित बिंदल सोमवार को अपनी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा लेकर गोहाना पहुंचें थे। इस दौरान गोहाना विधानसभा के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अमित बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सर्वमान्य नेता हैं। आज के समय में भारत देश जिस तेजी से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उभर कर सामने आ रहा है, उससे स्पष्ट है कि जल्द ही भाजपा फिर से विश्वगुरु का दर्जा हासिल कर लेगा।

भाजपा नेता अमित बिंदल ने लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को फिर से वोट दें और प्रचंड बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं।

इस दौरान परशुराम चौक पर पहुंची यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के अलावा स्थानीय निवासियों ने भी यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। जगह-जगह अमित बिंदल एवं अन्य का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अमित बिंदल ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण देने के लिये गोहाना में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया। जिसमें सैंकड़ों रामभक्त शामिल हुए। इस दौरान लोगों को पांच दिए राम के नाम अभियान के तहत दिए भी वितरित किए गए। अमित बिंदल ने बताया कि 22 जनवरी से पहले सोनीपत लोकसभा की सभी विधानसभाओं में यात्रा निकालकर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपावली की भांति मनाने की अपील की जाएगी।

इस दौरान सतीश जिंदल, रमेश जैन, जादूगर, प्रवीण जैन, एसके मल्होत्रा, जगमोहन जैन, विजयपाल, मनीष, धर्मेंद्र गहलोत के अलावा विधानसभा के तहत आने वाले विभिन्न गांवों के सरपंच भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



गन्नौर। जाहरी ग्राम पंचायत को देवा सोशल सोसायटी की देवेंद्र कादियान ई रिक्शा बैठ करते हुए ।

## जाहरी ग्राम पंचायत को देवा सोशल सोसायटी ने भेंट की ई-ऑटो रिक्शा

**गन्नौर ।** देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर ने स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर मुहिम के तहत जाहरी गांव में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सोसायटी संस्थापक एंव समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने ग्राम पंचायत को एक ई-ऑटो रिक्शा भेंट की। सफाई कर्मियों को ऑटो की चाबी देते हुए कादियान ने कहा कि गांव को साफ-सुथरा रखने में सबसे ज्यादा योगदान सफाई कर्मी का होता है। वह कूड़ा-कचरा का उठाव कर बाहर डंप पॉइंट पर डालता है। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान का ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कादियान ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहां भगवान प्रवेश करते है। इसलिए हमें अपने घर से लेकर गांव तक चारों और सफाई रखनी चाहिए। सफाई से अनेक प्रकार की बीमारियों से निजात तो मिलेगी बल्कि हमारे चारों और का वातावरण भी सुहाना व प्रदूषण रहित बनेगा।

## खबर संक्षेप

### सिसाना में कंबल वितरण समारोह

**खरखौदा।** सिसाना गांव में सोमवार को कंबल वितरित समारोह आयोजित किया गया और देसी घी का भंडारा किया गया। आर्य समाजी नेता मा. रामपाल दहिया ने कहा कि जिसने जीवात्मा,प्रकृति व ईश्वर तीनों को जान लिया, उसके लिए कुछ जानना शेष नहीं रह जाता। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं समाज सेवी राजेंद्र दहिया ने कहा कि घर में खुशहाली का मूल मंत्र यही है कि घर में महिलाओं को पूरा आदर सम्मान दिया जाए और बुजुर्गों की सेवा हो। कोई बच्चा अशिक्षित नहीं रहना चाहिए।

### पं. उमेश शर्मा भाजपा के प्रदेश सचिव नियुक्त

**गोहाना।** भाजपा हरियाणा द्वारा प. उमेश शर्मा को पार्टी का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को लेकर सोमवार को खरखौदा रोड स्थित उनके फार्म हाउस पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। उमेश शर्मा ने कहा कि उनको सौंपी गई इस जिम्मेवारी का वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। पं. उमेश शर्मा एक मेहनती और कर्मठ नेता है। उनकी कुशल कार्यशैली को लेकर भाजपा द्वारा उनको यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति को लेकर सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति गोहाना के सचिव शिव कुमार भावड़, प्रवक्ता मास्टर सुरेश गंगाना, उप प्रधान मेहर सिंह कासंडा ने पं. उमेश शर्मा का सम्मान प्रकट किया।

### युवा न्याय सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा

**सोनीपत।** इनेलो नेता अर्जुन चौटाला व युवा प्रदेशाध्यक्ष उदयवीर सोमवार को इनेलो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक लेने पहुंचें। मुरथल रोड पर आयोजित बैठक में कैथल में होने वाले युवा न्याय सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की गई। इनेलो पार्टी के इस युवा न्याय सम्मेलन की समीक्षा बैठक में शामिल होने लिए सोनीपत जिले से आए अनेकों युवाओ ने इनेलो पार्टी का समर्थन किया और इस सम्मेलन में शामिल होने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में इनेलो पार्टी सोनीपत के युवा जिला अध्यक्ष विकास मलिक, कुणाल गहलावत, जिला प्रभारी व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार मालिक, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कौशिक मौजूद थे।

## जब तक जमीन का मार्केट रेट पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा विरोध जारी रहेगा

# महापंचायत ने बुलडोजर से टॉवर के लिए खोदे गड्ढों को वापस भरा

### औचंदी से माहरा तक बिछाई जा रही लाइन का गांव नाहरा के किसान कर रहे विरोध

### विधायक मोहनलाल ने पंचायत से कमेटी गठन का आग्रह किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

औचंदी से माहरा तक बिछाई जा रही लाइन का गांव नाहरा के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों को हिरासत में लेकर कंपनी ने टावर लगाने का काम भी शुरू करा दिया था, लेकिन पिछले चार दिन से किसान धरने पर बैठे हुए हैं। सोमवार को फिर से किसानों ने महापंचायत की। जिसमें किसान नेता रवि आजाद व अभिमन्यु कोहाड़, भाजपा विधायक मोहनलाल बड़ौली, इनेलो नेता अर्जुन चौटाला, आंतिल बारहा खाप प्रधान जय भगवान आंतिल, किसान सभा के महासचिव एडवोकेट श्रद्धानंद सौलंकी, ईश्वर राठी, शीलकराम मलिक भी पहुंचे। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि जैसे ही उन्हें किसानों के धरने की सूचना मिली। वह पंचायत में आ गए। उन्होंने पंचायत से आग्रह किया कि एक कमेटी का गठन करें। उसके बाद सीएम से मिलने का समय लिया जाएगा। महापंचायत ने विधायक के जाने के बाद फैसला लिया कि बुलडोजर से टावर के लिए खोदे गए गड्ढों को भर दिया जाए। जिसके बाद उन्हें भर दिया गया। पंचायत में नाहरा के सरपंच एवं आंतिल चौबीसा के प्रधान अधिवक्ता उमेश दहिया को सरपंच एकता समिति राई के प्रधान बिल्लू दहिया, जिला महासचिव सुनील कटारिया ने सभी 42 सरपंचों का समर्थन पत्र सौंपा। आंतिल बारहा खाप की तरफ से प्रधान जयभगवान आंतिल ने भी पंचायत को समर्थन दिया। किसान नेताओं ने मंच से कहा कि महापंचायत में निर्णय लिया गया है कि किसानों की मांगें माने जाने तक भाजपा के नेताओं का विरोध किया जाएगा। उन्हें गांवों में नहीं घुसने दिया जाएगा। साथ ही सहमति बनने तक कंपनी के काम को भी बंद रखवाया जाएगा। सरपंच उमेश दहिया ने कहा कि जब तक किसानों को जमीन का मार्केट रेट पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा, किसान यहां टावर लगाने का काम शुरू नहीं होने देंगे। किसान दिन-रात बैठकर धरना चला रहे हैं। उनका कहना था कि तानाशाही करते हुए किसानों को उजाडऩे का काम किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।



राई। किसानों के धरने को संबोधित करते इनेलो नेता अर्जुन चौटाला । फोटो :हरिभूमि

#### किसानों से अन्याय

किसानों के धरने पर समर्थन देते हुए इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार शुरू से ही किसानों के साथ जयदिति कर रही है। जगह-जगह किसान अपनी मांगों को लेकर धरने पर दर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी बातों पर गौर नहीं कर रही। चौटाला ने कहा कि वे किसानों के साथ हैं जहां भी के सहयोग की जरूरत है वह पूरा सहयोग करेंगे।

धरनास्थल पर किसान नेता अभिमन्यु कुहाड़, रोहतक से रवि आजाद समेत अनेक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे थे। अभिमन्यु कुहाड़ ने कहा कि किसानों के ज्यादती की जा रही है। 13 किसानों को अपराधियों की तरह हिरासत में रखा गया। यह सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। वहीं, रवि आजाद ने कहा कि सरकार ने किसानों को दबाने का काम किया है। किसानों की मर्जी के बिना उनके खेतों में खोदाई शुरू की गई। जोर जबरदस्ती नहीं चलने देंगे। इसके अलावा धरने को समर्थन देने पहुंचे इनेलो ने अर्जुन चौटाला ने कहा कि इनेलो किसानों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। सरकार पर दबाव बनाया जाएगा कि वह किसानों की मांगों को पूरा करें, इसके बाद ही काम शुरू होने दिया जाएगा।





राई। आंतिल बाराहा खाप एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरूआत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान प्रारंभ

- आंतिल बाराहा खाप एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की बहालगढ़ स्थित अपने कार्यालय से सोमवार को शुरूआत करते हुए आंतिल बाराहा खाप एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल भाजपा सरकार पर जमकर सवाल उठाए हैं। भाजपा सरकार को किसान व खेल विरोधी नीतियों से काम करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों की संख्या में नाहरा गांव में चल रहे किसानों के धरने का समर्थन भी किया है। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने बहालगढ़ चौक पर एकत्रित होते हुए सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, अपराध लगातार बढ़ी है। सरकार इन पर लगाम कसने में असफल हुई है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर भाजपा सरकार बचती नजर आ रही है। भाजपा सरकार में किसान, कर्मचारी, युवा व खिलाड़ी सब परेशान हैं, उनकों अपनी आवाज उठाने के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। जयभगवान आंतिल ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में जब कांग्रेस की सरकार थी तो उस समय प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए काम किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि अब घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत किसान, कमेरे व खिलाड़ी विरोधी नीतियों से काम करने वाली भाजपा सरकार की पोल खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि नाहरा गांव में कई दिन से मांगों को लेकर किसानों का धरना जारी है, लेकिन सरकार के किसी मंत्री ने अभी तक सुध नहीं ली है। इस अवसर पर काफी संख्या में विभिन्न गांव से आए ग्रामीण मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम मानवता के स्वामी

- विष्णु मंदिर बालाजी धाम की पवित्र मिट्टी की महक अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर में महकेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए होने वाली पूजा-अर्चना में श्रीविष्णु मंदिर बालाजी धाम गन्नौर की पवित्र मिट्टी की महक भी आएगी। बालाजी धाम की मिट्टी लेकर धाम के पुजारी प्रिंस भगत 31 जुलाई 2020 को भक्तों के साथ लेकर गए थे और मिट्टी को प्रभु श्री राम जी के सेवक बीएल गुप्ता व अन्य श्री राम जन्मभूमि नव मंदिर निर्माण कार्यकारिणी समिति को मिट्टी सौंपी। भक्तों का जत्था जब अयोध्या जाने के लिए धाम के पुजारी प्रिंस भक्त के नेतृत्व में रवाना हुए थे। पुजारी प्रिंस भगत ने बताया कि वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ है। हिंदू समाज के संघर्ष की जीत हुई है।

भव्य राम मंदिर निर्माण होने से न केवल हिदू आस्था को बल मिला है, बल्कि मानवता का उद्धार होगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम किसी एक धर्म के न होकर पूरी मानवता के स्वामी हैं। उन्होंने अपने बड़ों की आज्ञा का पालन करने के लिए चौदह वर्ष तक वनवास काटा। जो किसी बलिदानसे कम नही है। श्री विष्णु मंदिर बाला जी धाम के पुजारी प्रिंस भक्त ने बताया कि 500 वर्षों के बाद ऐसा सौभाग्य मिला है कि श्रीराम अयोध्या में विराजमान होंगे। भव्य अवसर को दीपोत्सव की तरह मनाया जाएगा। प्रिंस भक्त ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर श्रीराम के भक्तों में उत्साह है।



पुजारी प्रिंस भक्त धाम की मिट्टी अयोध्या मंदिर कमेटी को सौंपते हुए।

### हर-हर महादेव सेवा मंडल ने 25 हजार दीये वितरित किए

**सोनीपत।** शहर के कामी सड़क मार्ग पर स्थित हनुमान नगर, ऋषि कॉलोनी सहित चीनी मिल के आसपास क्षेत्र में हर-हर महादेव सेवा मंडल की तरफ से कॉलोनियों में 25 हजार दीए वितरित किए गए। मंडल के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर पांच-पांच दीयो का वितरण किया। आगामी 22 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंडल की तरफ से एक विशाल भंडारे व झांकी का आयोजन भी किया जायेगा।

हर-हर महादेव सेवा मंडल के पदाधिकारी व सदस्य नीटू, आशीष दहिया, सोमबीर, गोल्डी शर्मा, दिनेश हुड्डा, अजय छिक्कारा ने बताया कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उनकी व मंडल की तरफ से भव्य दिन को अपने क्षेत्र में ओर भी भव्य बनाने के लिए युवाओं ने मिलकर अपनी-अपनी कॉलोनियों में घर-घर जाकर 25 हजार दीए वितरित किए है। जिन्हें 22 जनवरी को घरों की छत पर जलाया जाएगा।

# श्री रामचंद्र के ध्वज का वितरण

- जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने किया ध्वजा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने सोमवार को वार्ड 8 में एकत्रित हुए और जय श्री राम के जयकारों के साथ राई गांव वार्ड नंबर 8 में घर-घर जाकर भगवान श्रीराम के ध्वज का वितरण किया।और जय श्री राम के नारे लगाए, पुनीत त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या जी में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जिसका हर भारतवासी को सालों से इंतजार था और आज उनकी मनोकामना पूरी होने जा रही है। इस दिन के लिए न जाने कितने लोगों ने बलिदान दिया और अपने शीश कटवाए हैं। उन्होंने कहा अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम लला प्राण प्रतिष्ठा की खुशी दीप जलाकर मनाने के लिए भी आह्वान किया। इस अवसर पर मोंटी वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सतीश वाल्मीकि, मोनू पांचाल, नरेश पांचाल, रविकांत ,संजय, मनोज त्यागी, मनीष, ललित, सुनील आर्य, छोटे लाल, गुड्डु, संजीव त्यागी, प्रवेश शर्मा, प्रतीक, सागर, मोहित, राकेश कौशिक आदि शामिल हुए।



जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई भगवान श्रीराम के ध्वज वितरण करते।

# बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर

- मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने बुजुर्गों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गांव नांगल कलां निवासी एवं मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने बुजुर्गों के सम्मान के साथ भंडारे का आयोजन किया। कुलदीप द्वारा किए कार्यक्रम की बुजुर्गों ने सराहना करते हुए कहा कि वे पुरानी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बुजुर्गों का सम्मान कर रहे है। पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्गों के सम्मान से समाज आगे बढ़ता है हम सब कुछ बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। हम उन्हें छोड़कर इतिहास बोध से कट जाते हैं और इतिहास बोध से कटे समाज जड़ों से टूटे पेड़ जैसे सूख जाते हैं। कुलदीप नांगल ने कहा कि जिस परिवार में बड़े बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता उस परिवार में सुख, संतुष्टि और स्वाभिमान नहीं आ सकता। हमारे बड़े बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान हैं, हमारी धरोहर हैं। उन्हें सहेजने की जरूरत है। यदि हम परिवार में स्थायी सुख, शांति और समृध्दि चाहते हैं तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान करें। हमारे परिवारों में माता-पिता को देवतुल्य मानते हैं। इस मौके पर मंडी के आढ़ती व गणमान्य लोग मौजूद थे।



मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल बुजुर्गों का सम्मान करते हुए।



खरखौदा। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए पूर्व विधायक।

#### जरूरतमंद की सहायता करना पुण्य

खरखौदा। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पदम दहिया ने कहा कि हम ऐसे परिवार में जन्म लेते हैं, जो हर प्रकार से संपन्न है, तो यह सब हमारे कर्मों का ही फल है। इसलिए हमें हर जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए, ताकि उसका जीवन भी सुखदायी हो सके। जरूरतमंद लोगों की सहायता करना पुण्य कर्म है। वे मकर सक्रांति के पर्व पर आदर्श सर्व ग्रामीण सेवा समिति फतेहपुर द्वारा गांव मंडौरी स्थित राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन दिनों सर्दी का कहर जारी है। इसलिए गरीब व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए उनका सहारा बने। इस मौके पर आदर्श सर्व ग्रामीण सेवा समिति फतेहपुर के अध्यक्ष शिव कुमार, कोषाध्यक्ष कप्तान मंडौरा, दहिया खाप प्रधान चौधरी जयपाल दहिया, सचिव जोगिन्द्र शर्मा, कृष्ण कुमार, अनिल दहिया, चौधरी जगबीर पहलवान, ज्ञाना सिंह, इंद्रजीत, जोगिन्द्र प्रधान मंडौरी, जगबीर प्रधान तुर्कपुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# विधायक ने 1.77 लाख का चेक सौंपा

- राजपुर की गोशाला का वार्षिकोत्सव समारोह में विधायक ने की शिरकत

**गन्नौर।** गन्नौर- सोनीपत मार्ग पर गांव राजपुर के समीप गोशाला का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि विधायक निर्मल चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का गोशाला के आचार्य एवं गौ सेवक नरेन्द्र महाराज ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक निर्मल चौधरी ने गायों की सेवा के लिए बेहतर व्यवस्था करने पर गोशाला कमेटी की सराहना की। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि कोई एक व्यक्ति अथवा संस्था से गोशाला का संचालन नहीं कर सकते। इसके लिए समाज का सहयोग अपेक्षित है। सबके सहयोग से ही गोशालाओं का सुचारू संचालन संभव है। इसके लिए उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे गौशालाओं के संचालन में सामर्थ्य अनुसार हर संभव सहयोग दें। उन्होंने गौशालाओं के लिए दान देने वाले दानवीरों का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। विधायक ने गोशाला के लिए गौ सेवा आयोग की तरफ से 1 लाख 77 हजार रुपये का चैक दिया। गोशाला के आचार्य एवं गौ सेवक नरेन्द्र महाराज ने कहा कि प्राचीन काल से ही हिदू धर्म के लोग गोमाता की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझते हैं। वर्तमान में भी लोगों को गोमाता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर आसपास के गांवों के गणमान्य लोग मौजूद थे।



गौ सेवक नरेन्द्र महाराज को विधायक निर्मल चौधरी चेक देते हुए। फोटो :हरिभूमि

## स्कॉलर्स काँवेंट स्कूल में हर्ष के साथ आर्मी-डे मनाया

# आर्मी-डे पर फौजियों को किया सम्मानित

- छात्रों ने वीर सैनिकों को समर्पित सांस्कृतिक व देशभक्ति की कविताएं प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

थाना कलां मार्ग स्थित स्कॉलर्स काँवेंट स्कूल में सोमवार को आर्मी-डे मनाया गया। इस अवसर पर छुट्टियों पर आए व सेवानिवृत फौजियों को शॉल भेंट करके सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया व ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया रहे। मुख्यातिथि मोनिका दहिया ने कहा कि 15 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश फौज से भारतीय फौज ने पूर्ण रूप से चार्ज लिया था। इसके बाद भारतीय फौज ने दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर देश के शौर्य को बढ़ाया है। आज हमारा देश महाशक्ति बन रहा है। जो फौजियों के अथक प्रयास एवं जज्बे के कारण ही संभव हुआ है। देश के सैनिकों, शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही हमें अमन-चैन मिला है। इसलिए हमें उन महान विभूतियों को भी हमेशा याद रखना चाहिए, जो देश की रक्षा के लिए सदैव चट्टान की तरह देश की रक्षा कर रहे हैं। विद्यालय की डीन रीतू दहिया, डायरेक्टर पिंकी बल्हारा, प्राचार्य नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। छात्रों ने वीर सैनिकों को समर्पित सांस्कृतिक व देशभक्ति की कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर कैप्टन सूरजमल, कैप्टन धर्मबीर, कैप्टन बनी सिंह, इंस्पेक्टर सुरजमल खरखौदा सहित क्षेत्र के फौजियों ने हिस्सा लिया।





खरखौदा। खरखौदा में आर्मी डे पर फौजियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बेरोजगारी विषय पर नुक्कड़ नाटिका

सोनीपत। छोटूराम आर्य कॉलेज द्वारा शहर के चोक-चोराहों पर गणित नाटिका का आयोजन करवाया गया। जिसका विषय 'हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी' रहा। कॉलेज के विभिन्न विद्यार्थियों ने इसमें हिस्सा लेते हुए वर्तमान में हरियाणा में बढ़ती हुई बेरोजगारी के मुद्दे को लेते हुए नाटिका प्रस्तुत की। अपनी प्रस्तुति से बच्चों ने नुक्कड़ पर खड़े जनमानस के सामने बेरोजगारी से उत्पन्न समस्याओं को उजागर किया, प्रिंसीपल डॉ. नरेंद्र सिंह खत्री ने भी युवाओं की बेरोजगारी की गंभीर समस्या को लेकर विचार सांझा किये। इस दौरान प्राचार्य के अलावा गणित विभाग से डॉ प्रोमिला, डॉ आरिश, प्रो रिंकू, जनसंपर्क अधिकारी प्रो. विक्रम तुषीर व प्रो. प्रदीप दहिया ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई।



गोहाना। संत रामभद्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन करते महासभा के सदस्य।

### महासभा ने रामभद्राचार्य के बयान की भर्त्सना की

**गोहाना।** हरियाणा प्रदेश चमार महासभा ने संत रामभद्राचार्य द्वारा की गई टिप्पणी की घोर भर्त्सना की है। महासभा के सदस्यों ने प्रदर्शन करते हुए रामभद्राचार्य के खिलाफ जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। महासभा की गोहाना इकाई के अध्यक्ष सेवानिवृत्त एसडीओ ओम प्रकाश मेहरा ने कहा कि रामभद्राचार्य द्वारा श्रीराम कथा के दौरान दिया गया एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल है। उनके द्वारा बयान में विशेषत चमार जाति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है। उनके बयान से स्पष्ट है कि वे पिछड़ी जातियों से कितनी दुर्भावना रखते हैं। महासभा के संरक्षक जेई धर्मपाल ने कहा कि संत-महात्माओं के लिए सभी लोग एक समान होते हैं। रामभद्राचार्य जैसे संत को किसी जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कतई शोभा नहीं देती है। प्रदर्शन में सेवानिवृत प्राचार्य रामेहर मान, पार्षद जगदीश राय मदीना अध्यक्ष, गुरु रविदास मानव सेवा समिति के प्रदेश प्रवक्ता अशोक बामनिया, खजांची हरिदास गिरोह, जगत सिंह फौजी मदीना, चैतराम सोलंकी, सतीश उरलाना, मास्टर राजेश कासंडा, सुरेश बुटाना, रामभूल सभरवाल, श्री भगवान बली और सतबीर दरोगा आदि शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**



### डा. मंजूला ने संभाला प्राचार्या का पदभार

**सोनीपत।** मकर संक्रांति के शुभ उपलक्ष्य में नियमित प्राचार्या के रूप में कैमिस्ट्री की विभागाध्यक्ष रही डा. मंजूला सपाह ने सोमवार को जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज की प्राचार्या का पदभार संभाला। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व निवर्तमान प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने उन्हें पद ग्रहण करवाते हुए बधाई दी।

### तलवार से हमला करने के दो आरोपी काबू

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने तलवार व कृपाण से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को अदालत ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतनाम व स्वरूप सिंह निवासी आदर्श नगर जहांगीरपुरी दिल्ली का है। पुलिस आरोपितों को मंगलवार सुबह कोर्ट में पेश करेगी। गांव सेवली निवासी अनिल ने गत 30 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने पिता व भाई के साथ गुरुद्वारा बढ़खालसा आया हुआ था। उसी दौरान सरूप सिंह, जीते, सतनाम, मनवी, परविंद्र व वरूण ने तलवार व कृपाण से उन पर हमला कर दिया।

### अधिवक्ता संतराम प्रदेश संयोजक नियुक्त

**गोहाना।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतराम वाल्मीकि को दलित छात्रावास सम्पर्क अभियान के प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति को लेकर उन्होंने राज्यसभा सांसद एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णलाल पंवार का आभार व्यक्त किया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा सम्मेलन आयोजन किया जाएगा।

## 1200 रजिस्ट्री, 5490 इंतकाल लंबित, 125 करोड़ पहुंचा नुकसान

# पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के चलते प्रभावित हो रहा कामकाज

- 26 दिसंबर से जिले के 79 पटवारी और 20 कानूनगों हैं हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पटवारियों व कानूनगों की हड़ताल का समय जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही तहसीलों में कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। रोजाना इंतकाल के केस लंबित होते जा रहे हैं। जिसके कारण लोग पटवारखानों और तहसीलों के चक्कर लगा रहे हैं। लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों की रजिस्ट्रियां पूरी तरह से प्रभावित हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों की रजिस्ट्रियों पर भी काफी प्रभाव है। जिसके कारण रोजाना करोड़ों रुपये के राजस्व का नुक्सान हो रहा है। वहीं पटवारियों की रिपोर्ट ना होने के कारण अंतिम तिथि तक कृषि यंत्रों के लिए आवेदन नहीं किए जा सके। तहसील कार्यालयों में 1200 के करीब रजिस्ट्रियां लंबित हो गई हैं, वहीं 5490 इंतकाल लंबित हैं। सोमवार को तहसील परिसरों में कन्वेंस डीड व ट्रांसफर डीड की 81 रजिस्ट्री हो सकी। हड़ताल से पहले करीब 300 रजिस्ट्री हो जाती थी। रोजाना 17 करोड़ के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। अब तक 125 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।

दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर जिले में 79 पटवारी व 20 कानूनगो हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से राजस्व विभाग के काम प्रभावित हो रहे हैं। इससे पहले अपनी लंबित मांगों को लेकर कानूनगो व पटवारी 26 दिसंबर, 2022 को हड़ताल पर चले गए थे। जिला प्रधान सन्नी दहिया ने बताया कि लघु सचिवालय में तीन दिवसीय हड़ताल के बाद भी सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया था।

वहीं सरकार को भी करोड़ों के राजस्व का घाटा झेलना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए 4 जनवरी 2023 को सरकार ने यूनियन पदाधिकारियों से बातचीत कर 26 जनवरी 2023 तक मांगों को लेकर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जिसके बाद कानूनगो व पटवारियों ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी थी। जिला प्रधान ने बताया कि सरकार की ओर से उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते 3 जनवरी से दोबारा हड़ताल करने के लिए उन्हें मजबूर किया गया।

**कहां हुई कितनी रजिस्ट्री**

| तहसील | रजिस्ट्री |
|---|---|
| सोनीपत | 30 |
| खरखौदा | 3 |
| गोहाना | 8 |
| गन्नौर | 2 |
| राई | 38 |
| खानपुर कलां | — |

**नहीं किए जा रहे कृषि यंत्रों के लिए आवेदन**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2023-24 के दौरान कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम) व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) के तहत 40 से 50 फीसदी अनुदान राशि पर 32 तरह के कृषि यंत्र देने हैं। लघु एवं सीमांत श्रेणी के किसान वर्ग को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ लेने के लिए पटवारी की रिपोर्ट अनिवार्य है। पटवारखाने में जमीन से संबंधित काम कराने आए लोगों को बिना काम करवाए वापस घर लौटना पड़ रहा है। जमीन पैमाइश, भूमि रिकॉर्ड, फसलों का सत्यापन आदि के कार्य नहीं हो रहे। अंतिम तिथि 15 जनवरी को भी कृषि यंत्रों के लिए इच्छुक किसान अपना आवेदन नहीं करा सके।

**5490 इंतकाल हैं लंबित**

कानूनगो व पटवारियों की हड़ताल के चलते तहसील परिसरों में रजिस्ट्री प्रक्रिया जारी रही। रजिस्ट्री प्रक्रिया पर काफी असर पड़ गया है। पहले रोजाना 300 रजिस्ट्री हो जाती थी और अब इनकी संख्या 100 से भी कम रह गई है। जमीन की फर्द पर पटवारियों की ओर से हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे। पटवारी के हस्ताक्षर सहित फर्द रजिस्ट्री के लिए एक सप्ताह तक वैध होती है। हड़ताल के चलते ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की रजिस्ट्री रूक गई। जिसके चलते सोमवार को कन्वेंस डीड व ट्रांसफर डीड की 81 रजिस्ट्री हो सकी। राजस्व विभाग में करीब 45 हजार फाइलें लंबित है। इंतकाल, फर्द, वसीयतनामा, नक्शे, जाति, आय, रिहायशी व अन्य तरह के प्रमाणपत्र नहीं बन पाए। इसके अलावा जमीन पैमाइश, भूमि रिकॉर्ड, फसलों का सत्यापन आदि के कार्य नहीं हुए।

**रजिस्ट्री पूरी तरह रूक गई**

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के चलते रोजाना 18 करोड़ से कम राजस्व मिल रहा है। फर्द पर पटवारियों के हस्ताक्षर न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की रजिस्ट्री पूरी तरह से रूक गई है। शहरी क्षेत्रों की रजिस्ट्रियों पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

-**हरिओम अत्री**, जिला राजस्व अधिकारी, सोनीपत



**गोहाना।** दीनबन्धु चौ. छोटूराम की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सांसद बृजेश सिंह। फोटो : हरिभूमि

## छतैहरा में चौ. छोटूराम की नई प्रतिमा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

छतैहरा गांव में दीनबन्धु चौ. छोटूराम की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा का अनावरण हिसार लोकसभा से भाजपा सांसद एवं पूर्व आईएएस अधिकारी बृजेश सिंह ने बतौर मुख्यातिथि किया। बृजेश सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह के बेटे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि एक मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए दीनबन्धु छोटूराम के पद्चिहनों चलें। समारोह की अध्यक्षता दीनबन्धु सर चौ. छोटूराम विचार समिति के अध्यक्ष प्रदीप चहल ने की। विशिष्ट अतिथि ठेकेदार जय सिंह, इंद्र सिंह सांगवान और प्रदीप सांगवान रहे। प्रतिमा अनावरण के बाद सांसद बृजेश सिंह पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन रहे या न रहे वे तो उचाना से चुनाव लड़ेंगे ही। गठबंधन रहे या न रहे इसका फैसला भी सरकार नहीं अपितु पार्टी करेगी। गठबंधन सरकार चलाने के लिए हुआ था मिलकर चुनाव लड़ने के लिए नहीं। सांसद बृजेश सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि गठबंधन रहा तो वे भाजपा में नहीं रहेंगे। समारोह में जयदीप पन्नू, सुरेंद्र लाठ, धर्मेंद्र गंगाना, राजेश लाठर, दलबीर फौगाट, राममेहर राठी, सिकंदर गंगाना, रामबिलास और कर्मबीर सूरा आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्गों के जीवन से शिक्षा लेने की जरूरत: तरुण

- भाजपा नेता तरुण देवीदास ने शहरवासियों को बाटे शाल एवं कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास।

बुजुर्गों को सम्मानित करने का त्यौहार मकर संक्रांति इस वर्ष दो दिनों तक लगातार मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा नेता तरुण देवीदास ने जवाहर नगर मे आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को सम्मानित करते हुए उन्हें शाल एवं कम्बल भेट किये। भाजपा नेता ने कंबल बांटकर एक सामजिक एवं सांस्कृतिक सामूहिकता की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया। जिससे समाज में एकता और सद्भावना की भावना उत्पन्न हो। इस प्रकार की गतिविधियों से समाज में एक आत्मबल समृद्धि की दिशा में प्रवृत्ति हो सकती है। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कहा कि मकर संक्रांति मनाने के पीछे कई कहानियां प्रचलित हैं। परंतु आज के समय में मकर संक्रांति बुजुर्गों के सम्मान को लेकर मनाया जाने वाला त्यौहार बन चुका है। जो कि हमारे प्रदेश नहीं बल्कि विभिन्न नाम से पूरे देश में मनाया जाता है। इस अवसर पर विक्रम मेहरा, कर्मवीर चोपड़ा, महिंद्र, सतीश आदि मौजूद रहे।

## रिवाड़ा की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** विजेता एवं उप विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए अतिथि।

मोई हुड्डा गांव में शीतला माता स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 5वीं नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता की विजेता रिवाड़ा गांव की टीम बनी। उप विजेता मोई हुड्डा गांव की टीम रही। विजेता रिवाड़ा गांव की टीम दिव्यांश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों पर आधारित थी। पारितोषिक वितरण हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राई के विधायक मोहन लाल कौशिक ने किया। अध्यक्षता मेजबान शीतला माता स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष अमित हुड्डा ने की। मार्गदर्शन क्लब के संरक्षक और भाजपा के दिग्गज नेता आनंद सिंह हुड्डा ने किया। संयोजन सुदामा शर्मा का रहा। नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में कुराड़, लाढ़ौत, मदीना और पूठी गांवों की टीमों ने भी भाग लिया। कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम रही टीम को 4100 रुपए, द्वितीय टीम को 3100 रुपए पुरस्कार दिया गया।

## सज्जन सेवा संघ को मिला दूसरी बार राष्ट्रीय बेस्ट एनजीओ अवार्ड

- गोहाना बस स्टैंड पर पिछले 5 साल से दैनिक लंगर, रोटी और कपड़ा बैंक चलाती है एनजीओ
- शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह संधू ने 23 मार्च 2019 को दैनिक लंगर का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय एनजीओ महासंघ द्वारा सज्जन सेवा संघ को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय बेस्ट एनजीओ अवार्ड से नवाजा गया है। महासंघ की ओर से यह अवार्ड संस्थापक एसके यादव, अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार और कोर टीम प्रमुख सुभाष सभरवाल ने प्रदान किया। अवार्ड प्राप्त करने के लिए सज्जन सेवा संघ के संस्थापक अध्यक्ष मास्टर राजेश लठवाल चिड़ाना, भूपेंद्र प्रजापति और जतिन शर्मा पहुंचे। सज्जन सेवा संघ द्वारा गोहाना में नए बस स्टैंड पर पिछले 5 साल से दैनिक लंगर, रोटी और कपड़ा बैंक का संचालन किया जा रहा है। शहीद भगत सिंह के पोते और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह संधू ने 23 मार्च 2019 को दैनिक लंगर का उद्घाटन किया था। बहादुरगढ़ में संघ को यह अवार्ड दिया गया।

## किसानों को फसलों की अच्छी पैदावार के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




**गोहाना।** प्रयोगशाला में किसानों को नमूनों के विश्लेषण की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत रोड स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय में सोमवार को किसान क्लब की जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों की अच्छी पैदावार लेने, विभाग की विभिन्न योजनाओं, फसलों में लगने वाले कीड़ों और उनसे फसल की सुरक्षा एवं संतुलित खाद बारे जरूरी टिप्स दिए गए। अध्यक्षता एएसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने की। मंच संचालन डॉ. विपिन सैनी ने किया। कृषि विशेषज्ञ डॉ. विरेंद्र नांदल ने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ फसलों में अलग-अलग कीड़े और बीमारियां लग जाती हैं। बीमारियों के उपचार के लिए किसानों को जानकारी होना जरूरी है। किसानों को एमएफएमबी योजना, कृषि यंत्रों पर अनुदान व नैनो यूरिया के स्प्रे बारे विभागीय साइट पर एप्लाई करने संबंधी जानकारी दी। भूमि परीक्षण अधिकारी डॉ. देवराज दलाल ने किसानों को मिट्टी के नमूने लेने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## गोशाला में 5.5 लाख रुपये कीमत की 7 गाय भेंट की

- श्रीकृष्ण आदर्श गोशाला के अध्यक्ष घनश्याम तायल ने अपनी गोशाला में भेंट की गाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** गोशाला में गाय भेंट करते हुए अध्यक्ष घनश्याम तायल, साथ हैं अन्य गोसेवक। फोटो : हरिभूमि

मकर सक्रांति पर देवी नगर की श्रीकृष्ण आदर्श गोशाला में गो दान कार्यक्रम में हुआ। इसी गोशाला के अध्यक्ष घनश्याम तायल ने अपनी गोशाला को 5.05 लाख रुपए कीमत की बढ़िया नस्ल की ऐसी सात गाय भेंट की जो प्रतिदिन 14 लिटर से 20 लिटर दूध देती हैं।

गो दान कार्यक्रम की अध्यक्षता गोशाला के पूर्व अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता ने की। संयोजन गोशाला के सचिव राम कुंवार गर्ग ने किया। इस आयोजन में श्याम लाल वशिष्ठ ने 45 हजार रुपए, विनोद कुमार जैन ने 48 हजार रुपए और संदीप शर्मा ने 46 हजार रुपए कीमत की गाय भेंट कीं। इस तरह से गौशाला को अध्यक्ष की 7 गायों समेत कुल 10 गाय भेंट की गईं। गोशाला के अध्यक्ष घनश्याम तायल ने अपनी गोशाला के साथ जींद रोड की गोशाला के कर्मचारियों को गर्म वस्त्र भेंट किए। मौके पर अनिल गोयल, शुभम लोहिया, मुकेश जैन, पुरुषोत्तम मंगल, सुरेंद्र बंसल, राम निवास गुप्ता, नीरज गोयल, संजय गोयल आदि भी उपस्थित रहे।

### दो-पहिया वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल सोनीपत व मोहाना थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जतिन उर्फ गोली निवासी सैदपुर, गुलजार निवासी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से जतिन को जमानत मिल गई। वहीं दूसरे आरोपित को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि गत 22 सिंतबर को दीपक निवासी निजामपुर ने शिकायत देकर बताया था कि वह कुछ काम के लिए बहालगढ़ आया था। पार्क लेजर वैली में बाइक को खड़ी करके पार्क में चला गया। किसी ने बाइक को चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को काबू कर लिया।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## संकल्प यात्रा में टेहा गांव का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किए

# कांग्रेस के संस्कार विदेशी : बिप्लब देब



**गन्नौर।** यात्रा के दौरान गोद भराई की रस्म में महिलाओं को फल देते हुए भाजपा के हरियाणा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब देब, सांसद व विधायक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के हरियाणा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब देब ने टेहा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए वर्तमान सरकार में हुए गांव के विकास की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता जो खुद विधायक भी नहीं वे रोज डिप्टी सीएम बनाने की घोषणाएं कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब सोमवार को टेहा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दस-दस डिप्टी सीएम बनाने की घोषणा करने वाले दलों को जनता नकार चुकी है, क्योंकि बच्चों को भी उन पर विश्वास नहीं होता। हम अपनी संस्कृति में विश्वास करते हैं जबकि कांग्रेस के संस्कार विदेशी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब ने कहा कि भारत विकसित है। इसका उदाहरण जी-20 सम्मेलन रहा जिसमें अमरीका के प्रेजीडेंट ने भी हिस्सा लिया। जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे तो अमरीका ने उनको वीजा देने से इंकार कर दिया और आज ऐसा समय है कि अमरीकी प्रेजीडेंट मोदी जी को ढूंढ़ते हैं। रशिया के प्रेजीडेंट पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से सीखना चाहिए कि सबको साथ लेकर कैसे शासन किया जाता है। उन्होंने 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर महिलाओं के साथ न्याय किया है। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश कौशिक ने पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब का स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा प्रभारी के रूप में वे मजबूती से काम कर रहे हैं, जिनके नेतृत्व में सभी दस लोकसभा सीटों को जीतने के बाद प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि बिप्लब देब हमारे बीच हनुमान बनकर आये हैं। मौके पर राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली, भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, सुमित्रा चौहान, चेयरमैन अरूण त्यागी,ललित बतरा, आजाद सिंह नेहरा, योगेश कौशिक, विकास त्यागी, संजय गौतम आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहरभर से नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन का ओल्ड डीसी रोड पर पुष्पवर्षा व फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। युवा कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने पवित्र गुरू ग्रंथ साहब और पालकी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह ने पवित्र गुरू ग्रन्थ साहब को पूरा किया तथा उन्हें गुरु रूप में प्रतिष्ठित किया। गुरु गोबिंद सिंह ने अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए और धर्म की रक्षा के लिए युद्ध लड़े। धर्म की रक्षा के लिए समस्त परिवार का बलिदान किया, जिसके लिए उन्हें 'सरबंसदानी' (पूरे परिवार का दानी ) भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त जनसाधारण में वे कलगीधर, दशमेश, बाजांवाले, आदि कई नाम, उपनाम व उपाधियों से भी जाने जाते हैं। इस दौरान कमल हसीजा, भारत भूषण, वेद किंगर, सुशील सियाल, पंकज चावला, रवि कपूर, ओपी मुंजाल, जेडी कतपालिया, नरेश अरोड़ा, प्रेम रेलन, मनदीप, संदीप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।